तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024



12 बाल दिवस पर छात्रों को प्रतिभा प्रदर्शन का मिला अवसर





12 टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन बने ओमप्रकाश






## खबर संक्षेप

### सिंघनपुर में 24 क्विंटल अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** तहसील महासमुंद अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर में राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 24 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। यह कार्रवाई लघु फुटकर व्यापारी रेखराम साहू के खिलाफ की गई, जो बिना वैध दस्तावेज के धान का भंडारण कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि धान का संग्रहण नियमानुसार नहीं था, जिसके चलते धान जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। इस कदम का उद्देश्य अवैध धान व्यापार पर लगाम लगाना और मंडी नियमों को सख्ती से लागू करना है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपना धान केवल अधिकृत केंद्रों पर ही बेचें और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहें।

### चोरी करने घुसे अज्ञात व्यक्ति ने बाइक में की तोड़फोड़

**महासमुंद।** चोरी करने की नीयत से घर में घुसे अज्ञात व्यक्ति ने बाइक, खिड़की की जाली को नुकसान पहुंचाया। थानापारा बागबाहरा के इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को लखनलाल देवांगन ने बताया कि उसके घर में 16 अक्टूबर की रात 2 से 2.50 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर मोटर सायकल में तोड़फोड़ एवं खिड़की की जाली खींचकर गिराया गया और दूसरी खिड़की के जाली को धारदार हथियार से काटा गया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 324(2) , 62 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बल्दीडीह में लोगों को शराब पीने की सुविधा देने वाले एक व्यक्ति पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। ग्राम बल्दीडीह में एक व्यक्ति अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेड की कार्रवाई की, जिस पर शराब पीने वाले लोग भाग गए। वहीं शराब पिलाने वाला खेमराज डडसेना पिता स्व. रूपधर डडसेना (25 साल) को पकड़ा गया।

## हाईवे की जमीन पर प्लांट बना रहा था निजी सड़क, किसानों ने की थी एफआईआर की मांग

# प्लांट द्वारा किए जा रहे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा मामले में किसानों ने दर्ज कराया बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणी कृपा पावर प्लांट के बाउंड्री वॉल के भीतर की कुल 8 खसरे की सरकारी जमीन के संदर्भ में उच्च न्यायालय के आदेश और मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी परिपालन नहीं होने पर किसानों ने इस मामले को लेकर पदयात्रा करते हुए राजधानी कूच करने का निर्णय लिया। किसानों और आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री निवास में आत्मदाह की चेतावनी दी जिसके बाद से मुख्यमंत्री जनदर्शन ही बंद कर दिया गया। किसानों की मानें तो जनदर्शन नहीं अब सीधे मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखी जाएगी।

इधर, पावर प्लांट द्वारा सरकारी जमीन में किए जा रहे अवैध निर्माण को ढहाए जाने और अवैध निर्माण की शिकायत करते हुए प्लांट प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर किसानों ने उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) में अपने बयान देने के बाद इस संबंध में प्रमाणित दस्तावेज भी पेश किए गए।

फॉलोअप

पुलिस को सौंपे प्रमाणित दस्तावेज



पावर प्लांट कर रहा था एनएच की जमीन पर अवैध सड़क निर्माण, ग्रामीणों ने किया जमींदोज

आंदोलनकारी किसानों ने बताया कि सरकारी जमीन पर प्लांट द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को ढहाने के साथ हाईवे की सरकारी जमीन पर कब्जा करने की मंशा से कुछ दिन पहले कंपनी के संचालक निर्णय चौधरी, मैनेज मनोज वर्मा स्वयं निर्माण करा रहे थे। किसानों के विरोध के बाद एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग आईजी, एसपी सहित स्थानीय आरक्षी केंद्र में भी किसानों द्वारा की गई थी। जिसकी जांच के लिए किसानों को आज पुलिस द्वारा तलब किया गया है। 11 नवंबर को प्लांट द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण के संदर्भ में मौके पर मौजूद मैनेजर मनोज वर्मा से किसानों ने सड़क निर्माण की अनुमति के संदर्भ में पूछताछ की। 11 नवंबर को अवैध सड़क निर्माण के लिए प्रयासरत करणी कृपा पावर प्रा.लि. के अवैधानिक कार्यों की खुलासा हो गया। किसानों की मांग है कि समस्त दस्तावेजों की जांच कर करणी कृपा पावर प्रा.लि. के कर्ताधर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए।

## गंभीर: खनन में संलिप्त वाहनों को जब्त कर एफआईआर दर्ज के निर्देश

# अवैध खनन मामलों में प्रशासन की सख्ती का परिणाम सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली। उन्होंने स्थानीय स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, पुलिस, और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ सतत जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए संलिप्त वाहनों को जब्त कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। अवैध उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में रेत खदानों के चिन्हांकन के लिए वन विभाग और राजस्व विभाग को राजस्व प्रतिवेदन खनिज विभाग को उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के निर्माण विभागों को खनिज विभाग से मुरुम, पत्थर आदि की अनुमति लेकर कार्य करने और रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

**अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण रोकथाम पर टास्क फोर्स से कलेक्टर ने ली जानकारी**



**अक्टूबर तक अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण, अवैध परिवहन के 124 प्रकरण, और अवैध भंडारण के 16 प्रकरणों के कुल 150 मामलों में अर्थदंड वसूला गया**

### मोहकम में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के संबंध में सरपंच को नोटिस जारी

ग्राम पंचायत लहंगर के आश्रित ग्राम मोहकम, सिरपुर में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के संबंध में विभिन्न माध्यमों से लगातार मिल रही जानकारी पर संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक अमले ने ग्राम पंचायत मोहकम के सरपंच को लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के चलते नोटिस जारी किया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम प्राधिकारी हरिशंकर पैकरा द्वारा सरपंच को जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 48/49 और सहपठित धारा 56 (ग) के तहत सरपंच का यह महत्वपूर्ण कर्तव्य है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में किसी भी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। इसके साथ ही, गौण खनिज नियम 1996 के तहत पंचायत परिसंपत्तियों के संरक्षण का दायित्व भी पंचायत का है। उन्होंने ग्राम पंचायत मोहकम के सरपंच को अपने कर्तव्य का निर्वहन न करने तथा नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने के कारण नोटिस जारी किया है। लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के आरोपों के चलते संबंधित सरपंच को पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39/40 के तहत यह चेतावनी दी गई है कि यदि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरपंच को 22 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे न्यायालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर निर्णय लिया जा सकता है।

खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि वर्ष 2024-25 में माह अक्टूबर तक अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण, अवैध परिवहन के 124 प्रकरण, और अवैध भंडारण के 16 प्रकरणों में कुल 150 मामलों में अर्थदंड वसूला गया है। इसके अलावा, अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण और अवैध परिवहन के 24 प्रकरण जिला एवं सत्र न्यायालय और कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन हैं, जबकि अवैध भंडारण के 14 मामलों का निराकरण किया गया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिले में रेत और अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, और भंडारण करते कोई व्यक्ति या वाहन दोबारा पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ खनन और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(1) के तहत मामला सिविल न्यायालय में दर्ज किया जाएगा। इस कानून के तहत पांच वर्ष तक की कारावास या पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में दूरस्थ इलाकों से पहुंचने वाले लोगों से मुलाकात उनकी समस्याओं को जानने और समाधान के लिए हर मंगलवार को लगाए जाने वाले जनचौपाल में मंगलवार को कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। ग्राम घोड़ारी की रहने वाली दिव्यांगजन जुगरी भारद्वाज आवेदन लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे। कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने निर्देशित किया। जिसे श्रीमती भारद्वाज को मौके पर ही श्रवण यंत्र प्रदान किया। इसी तरह कोसरंगी के रघुनाथ ने कब्जाशुदा शासकीय भूमि का पट्टा प्रदान करने, लभराखुर्द के नीरज कमार ने पट्टा बनवाने, बिरकोनी के शत्रुहन लाल साहू ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, बावनकेरा के संतोष कुमार यादव ने भू-अधिग्रहण का मुआवजा दिलाने,



मुनगासेर की रूखमणी ने सीमांकन एवं पिथौरा सुईनारा के दुलसिंह दीवान नामांतरण कार्य और ग्राम किशनपुर के गौचरण साहू ने ग्राम पटेल पद की नियुक्ति के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपे। साथ ही आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को सौंपे गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

### चौथी बार आवेदन लेकर पहुंचा जनदर्शन में

छिंदौली निवासी हेमंत सोनी ने बताया कि वह छोटा कृषक है, कलेक्टर के तीन आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लिए अनुमोदन नही किया गया है। साल भर से जारी प्रक्रिया के चलते उप संचालक कृषि में मामला अटका हुआ है। प्रधान मंत्री सम्मान निधि प्रकरण का अनुमोदन कर, राशि प्रदान करने की मांग प्रार्थी ने की।

### कई माह से नही मिली थी नल आपरेटर को मानदेय राशि

पंचायत मोरधा में नल आपरेटर ने मानदेय की राशि नियमानुसार दिलाए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर का ध्यानाकर्षण किया जिसके संबंध में पीड़ित तीरथ जांगड़ने ने बताया कि ग्राम मुरकी ग्राम पंचायत मोरधा 3 मार्च 2024 से सरपंच सचिव द्वारा नल आपरेटर के पद पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में नियक्ति कर कार्य लिया तथा आज तक मुझे कोई मानदेय राशि नही दी गई। तीरिथ द्वारा अन्य रिपेयरिंग कार्य करवाया गया जिसका भी भुगतान नही किया गया। इतने माह बीत जाने के बाद पंचायत सरपंच-सचिव द्वारा 3000 मासिक देने की बात कही जा रही जिससे परिवार का लालन पालन करने कठिन है। कलेक्टर ने तत्काल मानदेय राशि प्रदान करने निर्देशित किया।



### जिले में अब तक 1 लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के धान खरीदी केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिले में 182 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन के लिए जिले के एक लाख 62 हजार से अधिक किसान पंजीकृत है। नोडल अधिकारी अशीष शर्मा ने बताया कि आज मंगलवार तक जिले में एक लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिसमें एक लाख 59 हजार 488 क्विंटल मोटा धान, 11 क्विंटल पतला धान तथा 3 हजार 899 क्विंटल सरना धान शामिल है। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 38 उपार्जन केंद्रों में 26 हजार 845 क्विंटल धान, बागबाहरा के 31 उपार्जन केंद्रों में 46 हजार 900 क्विंटल, पिथौरा के 44 केंद्रों में 29 हजार 869 क्विंटल, बसना के 36 उपार्जन केंद्रों में 16 हजार 54 क्विंटल एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 33 उपार्जन केंद्रों में 43 हजार 730 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# विधायक ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण, किसानों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बम्हनी व ग्राम बेलसोंडा स्थित

- नवनियुक्त सोसाइटी अध्यक्षों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

खरीदी केंद्रों का निरीक्षण मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। साथ ही उपस्थित किसानों से उनकी समस्याओं से संबंधित चर्चा भी की। वहीं सोसाइटी कर्मचारियों को धान खरीदी के संबंध में निर्देशित कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान नवनियुक्त सोसाइटी अध्यक्षों का शपथ ग्रहण भी हुआ। बता दें कि पूरे प्रदेश में इन दिनों धान खरीदी चल रही है। किसान समितियों में धान बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी तारतम्य में मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम बम्हनी व ग्राम बेलसोंडा स्थित सोसाइटी पहुंचे। इस दौरान नवनियुक्त सोसाइटी अध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इसके बाद सोसाइटी का निरीक्षण किया। धान खरीदी से संबंधित की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सोसाइटी में धान बेचने आए किसानों से उन्होंने मुलाकात की। उनके साथ फसल, धान खरीदी से संबंधित चर्चा की। साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना। किसानों ने भी खुलकर विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किसानों से कहा कि हमारी सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्ध है। किसानों से धान का एक-एक दाना खरीदना हमारा लक्ष्य है।



### यह रहे उपस्थित

इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेंश साहू, बम्हनी सोसाइटी अध्यक्ष रामेश्वर पांडे, बेलसोंडा सोसाइटी अध्यक्ष योगेश पटेल, बम्हनी ग्राम सरपंच डिगेश्वरी साहू, बेलसोंडा ग्राम सरपंच भामिनी चंद्राकर, गोविंद ठाकुर, पप्पू ठाकुर, नंदू जलक्षत्री, डिगेश साहू, हरेंद्र साहू, दीनू पटेल, मनीष जांगड़े, तीरथ धीवर, प्रेम निषाद सहित सोसाइटी के कर्मचारी, किसान व अन्य उपस्थित थें।

### आज 3 समितियों में किसानों से करेंगे भेंट मुलाकात

आज विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम शेर, खट्टी व झालखम्हरिया स्थित धान सोसाइटी में पहुंचेंगे। यहां नवनियुक्त अध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। साथ ही किसानों से भेंट मुलाकात भी करेंगे।

## शहर के वृद्धाश्रम में अव्यवस्था, बुजुर्गों के खान-पान के प्रति भी गंभीर लापरवाही

# बुजुर्गों की सुरक्षा ताक पर, कैमरे बंद, ठीक से सफाई भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के खान-पान के प्रति व्याप्त अनियमितताएं सामने आने के साथ यहां रह रहे वरिष्ठजनों की सुरक्षा भी ताक में हैं। बुजुर्गों की देखभाल के लिए लगाए गए कैमरे बंद पड़े हैं। यहां रह रहे कई बुजुर्ग अस्पताल दाखिल किए जाने की स्थिति में हैं लेकिन, स्टाफ की लापरवाही के चलते यहीं रखकर जनरल इलाज किया जा रहा है।

बता दें कि पखवाड़े भर से यहां के बुजुर्गों को इस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हितग्राहियों की मानें तो वृध्दाश्रम संचालित करने वाले संस्था संचालकों के पास बुजुर्गों का हाल-चाल जानने तक का समय नही। यहां तक राशन और सब्जियों में भी कटौती की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अकुशल और अप्रशिक्षित स्टाफ के भरोसे 20 महिला और 5 पुरुष वृद्धजनों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।



### शिकायत के बाद तत्काल फिर निरीक्षण में पहुंचे अधिकारी

समाज कल्याण विभाग को इस संदर्भ में मिली शिकायत के बाद तत्काल संगीता सिंह द्वारा इस संबंध में संज्ञान लेते हुए आश्रम का निरीक्षण करते हुए खान-पान की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए नाश्ता और दोनों समय के भोजन की तस्वीर विभाग को शेयर करने की बात कही है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यहां सफाई व्यवस्था और बुजुर्गों की दिनचर्या और एक्टिविटी को लेकर भी अनयमितता नजर आई है जिसके लिए मौजूद स्टाफ को निर्देशित किया गया।

### एक बुजुर्ग के लिए दिन भर के भोजन के लिए मिलते हैं 20 रुपए

विभाग से प्रति हितग्राही के लिए 600 रुपए महीना दिया जाता है। इस हिसाब से प्रति हितग्राही 20 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता है। इतने में ही बुजुर्गों को प्रतिदिन नाश्ता व दो टाइम का भोजन आदि की व्यवस्था करनी होती है।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मुआवजे दिलाने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सोमवार को फिर से चरोदा के किसानों के साथ धरसींवा पहुंचकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पीड़ित किसानों ने अपनी आपबीती बताकर सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही के संबंध में जानकारी दी। किसानों को तहसीलदार धरसींवा ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द निरीक्षण कराकर फसल की क्षतिपूर्ति की राशि देने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि चरोदा के किसानों के साथ प्रभावित किसानों के खेत में पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। ज्ञापन देने वालों में कन्हैया यादव, तारकेश्वर वर्मा, साहिल खान, रामप्रताप वर्मा, तारकेश्वर वर्मा, संजय वर्मा, मोहन साहू, अनवर बेग, दाऊराम धीवर, खेदूराम यादव, पूरनलाल साहू, डॉ. जिवराखन वर्मा आदि शामिल थे।

### नियमों को ताक पर रखकर एयरपोर्ट पर खुली शराब दुकान

**रायपुर।** शराबबंदी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार स्वामी विवेकानंद परिसर को भी नहीं छोड़ रही है। सालभर में कोई काम नहीं किया, जगह-जगह शराब दुकान खोलने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, ब्राह्मण समाज के हिमांशु तिवारी, किसान मोर्चा के दाऊ जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, वेगेंद्र सोनबेर, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू, नंदकुमार साहू, विमल ताम्रकार, बृजबिहारी साहू, गणपति पटेल, अशोक कश्यप, दशरथ सिन्हा, चूड़ामणि पटेल, परसराम ध्रुव, जगदंबिका साहू, हेमसागर पटेल, डेविड चंद्राकर, नाथूराम सिन्हा ने कहा है कि स्वामी विवेकानंदजी के नाम से रायपुर का एयरपोर्ट है। वहां मुख्यमंत्री ने निजी लाभ के लिए सभी नियमों को ताक पर रखकर परिसर में शराब बिक्री केंद्र खुलवाया है। वहां भी शराब रेस्टोरेंट खोलने का लाइसेंस दिया जाए, एयरपोर्ट से अधिक लाभ होगा। यह सरकार अपनी ही कब्र खोद रही है।

### जिले से बॉडी बिल्डर की चयन स्पर्धा कल



**रायपुर।** उज्जैन में 1 दिसंबर को वेस्टर्न इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए रायपुर जिले से बॉडी बिल्डर का चयन 20 नवंबर को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक में रात्रि 8.30 बजे रखा गया है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में रायपुर जिले के सभी बॉडी बिल्डर महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर में 200 ने कराई जांच, रक्तदान भी

**रायपुर।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2 में ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रविवार को रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 लाभार्थियों ने निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया एवं 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। इसके लिए गुड होप ब्लड सेंटर के डॉ. धनंजय प्रसाद, हरीश और टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान एएसजी आई हॉस्पिटल से पूरी टीम जिसमें दिव्या, दीपेश, शोभाराम, ज्ञानचंद ने लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। इस शिविर में डॉ. समीर सोनकर, डॉ. मो. शहरयार खान और पंकज के अलावा ओजस मल्टी हॉस्पिटल टीम सहित मनोज निषाद और शिब्बू तथा स्त्री रोगविशेषज्ञ डॉ. दीपिका बेले ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# धान खरीदी के लिए समितियों को 220 करोड़ से अधिक की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर


छत्तीसगढ़ में धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा राज्य की समितियों को 220 करोड़ 4 लाख 35 हजार से अधिक की राशि जारी कर दी गई है। अपैक्स बैंक के माध्यम से सभी 33 जिलों की समितियों को उनके बैंक खाते में राशि सोमवार को भेज दी गई है। भेजी गई राशि में प्रासंगिक व्यय और धान खरीदी के लिए प्रावधान किया गया है।

धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुई। तीन दिन अवकाश के बाद सोमवार को फिर से धान की खरीदी सभी समितियों में हुई। पहले दिन 14 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा था। समितियों के खाते में राशि अंतरण के बाद अब इन किसानों के खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। समितियों में राशि आहरण के लिए ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी।

## समितियों के बैंक खाते में मार्कफेड ने किया अंतरण

### खरीदी की लिमिट तय

धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने समितियों में खरीदी की लिमिट तय की है। उसके तहत ही छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। किसानों का धान खरीदी से पहले पंजीकृत किसानों की एंट्री का मिलान किया जा रहा है, जिसमें रकबा और बी-1 अनुसार खरीदी की मात्रा तय होगी। धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



### बोगस खरीदी रोकने बनी टीम

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में जिला कलेक्टरों के साथ संभाग स्तर पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। धान खरीदी केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है।

### 8 लाख बारदाने की जरूरत

धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। समितियों में धान की सुरक्षा और अन्य उपायों को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं खरीदी के साथ धान के उठाव और रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी समितियों को देनी होगी। मार्कफेड द्वारा इसके लिए 4.02 लाख गठान नए बारदाने जूट कमिश्नर के जरिए खरीदी की है। साथ ही पीडीएस और पुराने बारदाने के माध्यम से खरीदी की जा रही है। सभी समितियों में धान की तौलाई के बाद बारदाने में भरकर रखा जा रहा है।

## निगम ने दो बार शासन को भेजा प्रस्ताव, मगर नहीं मिला बजट

# 8 साल में नाला कटाव से हुआ 40 फीट चौड़ा फंड नहीं मिलने से रिटेलिंग वॉल निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर शहर में कई नालों का कायाकल्प निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर करवाया है। वहीं आउटर क्षेत्र दलदल सिवनी नाले के आसपास की बसाहट कई सालों से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। राहत दिलाने के लिए निगम और जोन के जिम्मेदारों ने 8 साल में दो बार सर्वे किया और रिटेलिंग वॉल व कवर्ड नाला के लिए प्रस्ताव बनाया। पहली प्लानिंग फेल होने के बाद दूसरी बार जोन के जिम्मेदारों ने शासन को 1.07 करोड़ का प्रस्ताव भेजा।

दो साल में फंड नहीं मिलने से नाला अब तालाब का स्वरूप ले चुका है। इसकी बदबू से लोग परेशान हैं। राजधानी के आउटर इलाके में जहां तेजी से बसाहट बढ़ रही है, वहीं जिम्मेदार पानी निकासी की समस्या से राहत देने के लिए की गई प्लानिंग को बजट के अभाव में आकार नहीं दे पाए हैं। दलदल सिवनी नाले का कटाव तेजी बढ़ रहा है। इसके चलते नाले के आसपास की कॉलोनियों व बस्तियों में रहने वाले लोगों को नाले की वजह से हर साल परेशानी होती है। इससे नाले का पानी कॉलोनियों व बस्तियों में भरता है। इसके बाद भी नाले का निर्माण विगत 8 साल से फंड के अभाव में रूका है।



### ठंडे बस्ते में प्रोजेक्ट

सूत्रों ने बताया कि 6 साल पहले डेढ़ किलोमीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनवाने के लिए निगम ने 3.78 लाख का प्रस्ताव बनाया था। यह प्रोजेक्ट फेल होने के बाद दो साल पहले 800 मीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनाने के लिए एक करोड़ सात लाख का प्रोजेक्ट बना, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने से वह ठंडे बस्ते में चला गया है।



### अभी तक फंड ही नहीं मिला

रीटेलिंग वॉल और कवर्ड नाला बनाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अभी तक मंजूरी नहीं मिलने से आगे कार्रवाई नहीं हुई है। प्रोजेक्ट को लेकर किसी प्रकार का दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

**- संतोष कुमार पांडेय,** आयुक्त-जोन-9, नगर निगम, रायपुर

### बजट का कर रहे इंतजार

लोग कर रहे नाला बनवाने मांग करीब दो साल पहले जोन के जिम्मेदारों ने अविवा गार्डन के पास बनवाई गई पुलिया से द्वारिका विहार तक कवर्ड नाला बनाने सर्वे के बाद प्रस्ताव दिया है। इसके बाद से जिम्मेदार बजट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि हर साल द्वारिका विहार, अविवा गार्डन क्षेत्र, पोल्ट्री फार्म क्षेत्र, दया नगर, ग्रीन गार्डन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है। वार्ड के लोग पार्षद सुशीला धीवर के पास नाला बनवाने फिर मांग लेकर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाले का कटाव बढ़ने से कॉलोनी में रहने वाले बदबू से परेशान हैं। समस्या सुलझाने अब कलेक्टर से भी बात करूंगी।

# सरायपाली में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने मनाया शौर्य दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर के वार्ड क्रमांक 1 आकाशवाणी केंद्र के पास स्थित यादव सामुदायिक भवन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा रेजांगला शौर्य दिवस मनाया गया। महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में जय माधव जय यादव के उद्घोष के पश्चात भगवान कृष्ण के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यादव वीर शहीदों को भी दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भारत सरकार से शीघ्र ही अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग के लिए चर्चा की गई। भारत-चीन युद्ध 18 नवंबर 1962 को रेजांगला में 114 शहीद यादव वीर अहीरों द्वारा लगभग डेढ़ हजार चीनी सैनिकों को मारकर अपने अद्भुत साहस और पराक्रम का परिचय दिया था। इस पराक्रम ने चीनी सैनिकों को युद्ध विराम के लिए मजबूर कर दिया था। इस कारण 18 नवंबर को पूरे भारत देश में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा यादव शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मदन दीप यादव को समाज द्वारा विशेष सम्मान किया गया एवं उनके द्वारा भारतीय सेना में अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद यादव जिला अध्यक्ष, सुरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, देखलाल यादव, नीलकंठ यादव, गजानन यादव, मोहित बगर्ती, हेमसागर बगर्ती, अंजू कुमार यादव, दीपू यादव, दौलतराम यदु, योगेश कुमार यदु, वीरेंद्र कुमार यादव, ललित मटारी, संजय यादव, मयंक यादव, शरद कुमार हंस, सुकेश कुमार यादव, सतकुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राज, तुषार यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव ने आभार प्रदर्शन किया।

# आदिवासी अंचल में 77 हजार घर होंगे बिजली से रोशन

- 8,091 किलोमीटर लंबी लाइन, लगेंगे 2217 ट्रांसफॉर्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आदिवासी अंचलों में बिजली से वंचित रह गए घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 विशेष योजनाओं के माध्यम से 77,292 घरों में बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की इस कार्ययोजना में दो योजनाएं केंद्र सरकार की हैं तथा एक योजना छत्तीसगढ़ शासन की है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष रोहित यादव ने तीनों योजनाओं की प्रगति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की अति पिछड़ी 7 जनजातियों के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रिड से विद्युतीकृत गांवों के 7,077 घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 37 करोड़ 60 लाख की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1,087 बसाहटों में 363.24 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 267 नग 25 केवीए क्षमता के वितरण ट्रांसफॉर्मर तथा 650 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जा रही हैं। पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है।



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए
- पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है

### 323 करोड़ की मंजूरी

प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा हाल ही में की गई है जिसके अंतर्गत 919 गांवों के 65,711 अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 323 करोड़ 63 लाख की कार्ययोजना को स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत 6,863 बसाहटों में 1889.56 किलोमीटर लाइनें, 25 केवीए क्षमता के 1950 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे तथा 5,188 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जाएंगी। आदिवासी बहुल गांवों में बिजली पहुंचाने में सबसे बड़ी समस्या वहां के सघन वन क्षेत्र होते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नियद नेल्लानार योजना प्रांरभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 24 सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर के दायरे में 96 गांवों में घरों को रोशन करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। एमडी डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर द्वारा नियमित तौर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की जा रही है।

# आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में बनेगा फायर एग्जिट, रास्ता बनाने किचन कॉरिडोर पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

झांसी के मेडिकल कालेज के बच्चा वार्ड में हुई आगजनी की घटना से सीख लेते हुए आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में फायर एग्जिट बनाया जाएगा। इसके लिए किचन कॉरिडोर में खुलने वाले वार्ड के पिछले हिस्से का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को बाल एवं शिशुरोग विभाग में इस तरह की घटनाओं से निपटने की व्यवस्था का जायजा लिया।

मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने पीडियाट्रिक विभागाध्यक्ष को फायर एग्जिट तैयार करने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने निर्देश दिए। उन्होंने भूतल स्थित पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का जायजा लिया। वहां की विद्युत व्यवस्था, सेंट्रलाइज एसी सिस्टम एवं फायर सेफ्टी के अंतर्गत स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर के बारे में मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली। बताया गया कि न्यू ट्रामा वार्ड में हुई घटना के बाद सभी फायर एक्सटिंग्विशर के रिफिलिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।



वर्तमान में लगभग 335 फायर एक्सटिंग्विशर अस्पताल के विभिन्न विभागों में स्थापित है। प्रथम तल स्थित वार्ड नं 30 के नियोनेटल केयर यूनिट यानी नर्सरी 2 की फायर सेफ्टी व्यवस्था देखी। अनावश्यक सामानों को वहां से हटाने के निर्देश दिए ताकि वहां आने-जाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।

इस दौरान अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को मेंटेनेंस करने वाली कंपनी के कर्मचारियों से आपात स्थिति में फायर फाइटिंग सिस्टम के उपयोग की जानकारी ली।

### पूरा नहीं हुआ ट्रामा ओटी का काम

पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल के तीसरी मंजिल में स्थिति न्यू ट्रामा की एसी के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद धुआं भर गया था। घटना के दौरान ओटी में मौजूद डाक्टरों और चिकित्सकीय स्टाफ ने जोखिम उठाकर वहां मौजूद मरीज की जान बचाई थी। घटना के बाद ओटी खराब हो गया था, वहीं आवश्यकता के अनुसार उसमें परिवर्तन किया जाना था। घटना के 12 दिन बाद भी ऑपरेशन थियेटर का काम पूरा नहीं हो पाया है। यहां होने वाली सर्जरी दूसरे विभाग के वार्डों में पूरी की जा रही है।

## राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने कहा

# बृजमोहन ने यातायात सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में रायपुर में प्रस्तावित और चल रही कई बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की गई।

श्री अग्रवाल ने 600 करोड़ रुपये की लागत से सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, तेलीबांधा चौक और 400 करोड़ रुपये की लागत से धनेली जंक्शन पर प्रस्तावित फ्लाईओवर पर प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी रायपुर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में 3,500 करोड़ रुपये की लागत से 186 किलोमीटर लंबे रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ हाईवे और 5,600 करोड़ रुपये की लागत से 228 किलोमीटर लंबे धमतरी-जगदलपुर हाईवे को चौड़ा कर चार लेन का बनाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ली गई।



श्री अग्रवाल ने कहा, राजधानी में ट्रैफिक का बढ़ता दबाव और रिंग रोड नंबर 5 पर सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान के लिए रिंग रोड के किनारे 11 मीटर चौड़ी सर्विस लेन निर्माण और तेलीबांधा से ताटीबंध तक एलिवेटेड रोड बनाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरोना और इंद्रप्रस्थ के बीच रिंग रोड पर अंडरपास निर्माण पर भी विचार किया गया है।

इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित एक्सप्रेस वे को एनएचएआई को सौंपने के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भी लिखा है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता गोविंद अहिरवार, एनएचएआई क्षेत्रीय अधिकारी दिग्विजय सिंह, प्रबंधक तकनीकी प्रवीण विजयवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**



## निधन पर घर पहुंचाकर दी आर्थिक सहायता

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर चुनाव पूर्व किए गए अपनी घोषणाओं को अमल करते हुए सोमवार को गांव के वार्ड नंबर 18 के नंदूराम धीवर की माता किसनौतीन धीवर का स्वर्गवास होने पर सरपंच ने वार्ड पंच श्रीमती हेमा देवचंद साहू के साथ दुखी परिवार के घर जाकर उनकी बड़ी बहू श्रीमती पूना नंदूराम धीवर को 2000 रुपए नगद प्रदान किया।



## सोसाइटी अध्यक्षों का हुआ शपथ ग्रहण

**बागबाहरा।** बागबाहरा शहर मंडल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति क्रमशः सिर्री-पठारीमुड़ा एवं खोपली में नवमनोनीत अध्यक्षगण तुकाराम चंद्राकर एवं चंद्रशेखर ध्रुव का पदभार ग्रहण समारोह बड़े ही सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रीतम सिंह दीवान (पूर्व विधायक खल्लारी), अलका चंद्राकर (प्रदेश उपाध्यक्ष ममो भाजपा), प्रेम साहू (रुपेश) (मंडल अध्यक्ष बागबाहरा शहर), शंकर तांडी (जिला मंत्री), हरमीत सिंह बग्गा महामंत्री, संजय मालवे, नारायण तांडी, शंकर लाल कौशिक, हरी चंद्राकर, रमन लाल वर्मा, अशोक चक्रधारी, नंदू सोनी, जगन्नाथ सिंह ध्रुव, गजेंद्र साहू, खामसिंह ध्रुव, गौरव साहू, प्रबंधक रुद्रनाथ सिंह ठाकुर, देवेंद्र कुमार पटेल, मनोज चंद्राकर, हिरेंद्र चंद्राकर, संतोष यादव एवं समिति के कर्मचारी तथा दोनों समिति के आश्रित ग्रामों के किसान उपस्थित रहे।

**आयोजन : इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित**

# जयंती पर कांग्रेसियों ने किया इंदिरा गांधी के कार्यों का स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय गांधी कांग्रेस भवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी की जयंती के अवसर पर उनको याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

वर्ष 1966 से 1977 तक लगातार 3 पारी के लिए भारत गणराज्य की प्रधानमंत्री रहीं। उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। वे भारत की प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। कांग्रेस पार्टी के अंदर 1959 और 1960 के दौरान इंदिरा गांधी चुनाव लड़ीं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष चुनी गईं। पंडित जवाहरलाल नेहरू का देहांत 27 मई 1964 को हुआ और इंदिरा नए प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रेरणा पर चुनाव लड़ीं और तत्काल सूचना और प्रसारण मंत्री के लिए नियुक्त हो, सरकार में शामिल हुईं।

डॉ. रश्मि ने अपने उद्बोधन में इस बात का उल्लेख किया कि आज अनेक पार्टी जो वंशवाद की बात करते हैं उनके लिए एक उदाहरण है कि जब तक पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कोई भी राजनैतिक पद में चुनाव लड़ने नहीं दिया एवं ना ही भारत सरकार में कोई मंत्री पद दिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के पश्चात तात्कालिक प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर मंत्री पद ग्रहण की। आज बांग्लादेश में वर्तमान स्थिति में हिंदुओं की स्थिति अत्यंत खराब होने के पश्चात भी तथाकथित 56 इंच का सीने वाला प्रधानमंत्री कोई भी उपाय नहीं कर रहा है, जिससे हिंदुओं की रक्षा हो सके। आज हालात यह हैं कि मीडिया और सत्ताधारी नेता बांग्लादेश की समस्याओं के बारे में बात करना बंद कर दिया है एवं न्यूज़ चैनलों ने बांग्लादेश का समाचार दिखाना बंद कर दिया है। एक समय वहां था जब भारत की आयरन लेडी पाकिस्तान की दो टुकड़े कर बांग्लादेश को आजाद देश घोषित करवा दी थी। वास्तव में अभी के बड़बोले नेताओं को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से सबक लेना चाहिए कि देश कैसे चलाया जाता है, जब भारत के पास संसाधन की कमी थी फिर भी बेखौफ होकर पूरे विश्व में भारत का डंका कैसे बजता था एक महिला होते हुए भी देश चलाना उन्हें आता था। देश को उन्नति, विकासशील, प्रगतिशील बनाने एवं कई राज्यों से नक्सलवाद, आतंकवादियों का खात्मा करने वाली एक मजबूत प्रधानमंत्री के रूप में स्व. इंदिरा गांधी को याद किया जाता है। आज के दिन झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की भी जयंती होने के कारण झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को याद करते हुए उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।




### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, दाऊलाल चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, संजय शर्मा, लक्ष्मी देवांगन पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, सोमेश दवे, प्रदीप चंद्राकर, भरत ठाकुर अधिवक्ता, पार्षद राजेश नेताम, सुनील चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, निर्मल जैन, लता कैलाश चंद्राकर, ममता चंद्राकर, तुलसी साहू, मोती साहू, बसंत चंद्राकर, चंद्रेश साहू, सोनम रामटेके, मो. जाकिर रजा, भरत बुंदेला, अब्दुल जावेद, तुलसी देवदास, युवराज साहू, इब्राहिम खान, भानु सोनी आदि मौजूद रहे।

# कर्मा जागृति मंच के दीपावली मिलन में प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कर्मा जागृति मंच द्वारा दीपावली मिलन व साहू समाज के प्रतिभाओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं का श्रीफल, शील्ड व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

कर्मा सदन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता जिला साहू संघ जिला अध्यक्ष धरमदास साहू ने की। विशेष अतिथि नंदनी साहू (जिला उपाध्यक्ष), सावित्री साहू (जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), यामिनी देवी (भागवताचार्य), मुन्नालाल साहू (पूर्व तहसील अध्यक्ष), नोहर दास साहू (जिला महामंत्री), जवाहर साहू (अध्यक्ष चिरको परिक्षेत्र), ललित साहू (अध्यक्ष भोरिंग परिक्षेत्र), खेमराज साहू (अध्यक्ष सिंघी परिक्षेत्र), डॉक्टर सुंदर साहू (अध्यक्ष शेर परिक्षेत्र), गोविंद साहू (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), रमेश साहू (वरिष्ठ भाजपा नेता), अनिता विजय साव (पार्षद), महेंद्र साहू (जिला उपाध्यक्ष), राधेश्याम पार्वती साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा की पूजा अर्चना करके की गई। तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों का सम्मान किया गया। स्वागत भाषण में कर्मा जागृति मंच के अध्यक्ष सती साहू ने कहा कि इस मंच का गठन आज से 25 वर्ष पूर्व हुआ है, तब से लेकर आज तक लगातार सृजनात्मक व रचनात्मक कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद इसी मंच द्वारा सर्वप्रथम नशाबंदी के लिए ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया था। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इस सम्मान समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि साहू समाज में जन्मे मां कर्मा, माता राजिम व दानवीर भामाशाह ने धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में जो योगदान दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता, आज भी इन क्षेत्रों में साहू समाज का विशेष सहयोग हो रहा है।

कर्मा जागृति मंच के भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष धरमदास साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ साहू संघ ने जो नियमावली जारी किया है उसका जनक महासमुंद जिला है। सन 1975 में महासमुंद जिला में सर्वप्रथम आदर्श विवाह का आयोजन किया गया था, जिसे साहू समाज के साथ-साथ सरकार भी अपनी योजना में शामिल किया है। कर्मा जागृति मंच द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी प्रदर्शन भी किया गया।


कार्यक्रम में कर्मा जागृति मंच के अध्यक्ष सती साहू के साथ-साथ गंगा साहू, शीतल साहू, निर्मला साहू, चंद्रकला साहू, सुरेखा साहू, पुष्पा गजपाल, जितेश्वरी साहू, छमेश्वरी साहू, कल्याणी साहू, फुलबासन साहू, पूर्णिमा साहू, सरिता साहू, तुकेश्वरी साहू, चंद्रिका साहू, शैल साहू, सावित्री साहू, हेमलता साहू, उमा साहू, बिमला साहू, सरोजिनी साहू, पद्मनी साहू, कीर्ति साहू, कल्याणी साहू, हेमबाई साहू, माधुरी साहू, कृष्णा साहू, पुष्पा साहू, महेश्वरी साहू, डॉक्टर देवेंद्र साहू, डॉक्टर चंद्रहास साहू, डॉ तरुण साहू, चंद्रकुमार साहू, रवि साहू, ईश्वर साहू का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू व आभार प्रदर्शन सती साहू ने किया। इस अवसर पर तरुण साहू , देवेंद्र साहू, चंद्रजीत साहू, प्रकाश साहू, विकास साहू, नंदू साहू, आनंद साहू, रवि साहू, जितेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

# गुरु घासीदास जयंती में राजनीतिक नेताओं को आमंत्रित नहीं करेगा सतनामी समाज

## बलौदाबाजार प्रकरण में निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी से आहत होकर समाज ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक जिला व ब्लॉक तथा अठगंवा पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय पारित किया गया। जिसमें बलौदा बाजार कलेक्टर कार्यालय तोड़ फोड़ एवं आगजनी कांड में प्रदेशभर के 186 सामाजिक पदाधिकारियों व समाज के अन्य लोगों की गिरफ्तारी की गई, जिसमें जिला से छः सामाजिक पदाधिकारी भी शामिल हैं, जिसकी निशर्त रिहाई के लिए शासन प्रशासन से बार-बार निवेदन करने के बाद किसी भी निर्दोष व्यक्ति की रिहाई नहीं होने से समाज के लोग आहत व दुःखी है। जिस कारण से दिसंबर माह में होने वाली गुरु घासीदास बाबा की जयंती को गांव, ब्लॉक व जिला स्तर में बिना नाच गम्मत, सांस्कृतिक कार्यक्रम के बगैर केवल पंथी भजन टोली के साथ सादगी से मनाया जाएगा। इस साल जयंती कार्यक्रम में जिला के किसी भी गांव, ब्लॉक व जिला के जयंती कार्यक्रम में किसी भी राजनीतिक नेता, जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं करने का भी निर्णय लिया गया है। बल्कि, समाज के बड़े बुजुर्ग व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।



बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, भोजनाथ मधुकर, डॉ विजय चतुर्वेदी जिला कार्यकारिणी सदस्य, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय, गणेश टंडन ब्लॉक सचिव, के सोनटके जिलाध्यक्ष साहित्य एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, तेजराम चौलिक यूथ जिला सचिव, भागीरथी मारकंडे, किशन कोसरिया अध्यक्ष झलप अठगंवा परिक्षेत्र, देवेंद्र मिर्चे, योगेश मधुकर, सुकालू राम, फनेंद बंजारे, संतोष निराला, अभय व्यवहार, महेंद्र बंजारे, भारद्वाज व अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम बकमा निवासी आवेदक राकेश कुमार पिता अमरीका प्रसाद जाति कुर्मी द्वारा आवेदक की भाई दिनेश कुमार निवासी ग्राम बकमा तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 21/05/1993 को हो चूकी है तथा आवेदक की भाई दिनेश कुमार पिता अमरीका प्रसाद तहसील व जिला-महासमुंद की मृत्यु दिनांक 21/05/1993 को हो चुकी है। तत्सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 20/11/2024 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**महासमुंद (छ.ग.)**

# पेंशनर भवन में शोकसभा का आयोजन



**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं महासमुंद जिला के पूर्व उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय नारायण लाल चंद्राकर के निधन पर पेंशन भवन महासमुंद में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके आत्मा के शांति के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला शाखा के अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, प्रचार सचिव बंशीलाल चंद्राकर, सचिव बीआर देवांगन, कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष भाव सिंह नेताम, सनमान दीवान, रघुनाथ सिन्हा, राम कुमार चंद्राकर ने उनके साथ बिताए हुए पल को याद करते हुए कहा कि नारायण लाल चंद्राकर एक अच्छे शिक्षक, कर्मठ समाजसेवी और जुझारू कर्मचारी नेता के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। उनकी अंतिम यात्रा में जिलेभर से कर्मचारी नेता शामिल हुए। कर्मचारी भवन के सामने अंतिम यात्रा पहुंचने पर कामरेड पुष्प चक्र अर्पित जयकारे लगाए। अंतिम यात्रा में भैया लाल चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर, आरके सिंह सेन, अशोक गिरि गोस्वामी, प्रमोद तिवारी, समीर समद्दर, दिलीप तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, राजेश शर्मा, जितेन चंद्राकर, पेंशनधारी कल्याण संघ के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर महेश शर्मा, केआर चंद्राकर, हरकरम चंद्राकर, राजेश्वर खरे, राम कुमार साहू, बसंत साहू, बसंत चंद्राकर, चमन चंद्राकर, बौध राम साहू, हीराराम साहू, बीआर देवांगन, शिक्षक संघ के पदाधिकारी उमेश भारती गोस्वामी, नारायण चंद्रकर, सालिक चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

# ऊर्जा संरक्षण पर विविध कार्यक्रम पोस्टर बनाओ में तेजेश्वरी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में व्याख्याता आराधना साहू के मार्गदर्शन में विज्ञान क्लब द्वारा ऊर्जा संरक्षण विषय को लेकर विद्यालयीन छात्रों के बीच विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में तेजेश्वरी ध्रुव 11वीं अ प्रथम, पूजा निषाद 11वीं ब द्वितीय, विज्ञान मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में 11वीं ब के ग्रुप ने अम्लीय वर्षा का मॉडल बनाकर प्रथम स्थान बनाया। जिसमें पूजा निषाद, पूनम चंद्राकर, खुशी चंद्राकर, खोमप्रभा साहू। वहीं बायो गैस संयंत्र का मॉडल बनाकर मोनिका विश्वकर्मा द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप अ से पूनम चंद्राकर की, जिसमें 10 विद्यार्थियों का समूह ने प्रथम स्थान बनाया। ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सहभगिता कराने के लिए अमृता कौर, जुगनी गुम्बर व्याख्याताद्वय साथ में सहयोगी रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू विज्ञान क्लब के सदस्यों ने बच्चों को प्रेरित किए। सभी ने संक्षिप्त में ऊर्जा बचत की उपाय भी बताए। जैसे खाना बनाने में ऊर्जा क्षमतावाले चूल्हों का प्रयोग करें। खाना बनाते समय बर्तन को ढंक कर रखें। इससे खाना बनाते समय ऊर्जा की बचत होती है। खाना बनाने से पहले अनाज को भिगोएं रखें। भूगोल व्याख्याता तुलेंद्र सागर ने बताया कि किसी काम को करने के लिए ऐसी विधि या प्रक्रम का पालन करना कि वह काम पूरा होने में कम ऊर्जा लगे, इसे ही ऊर्जा संरक्षण करना कहते हैं। उदाहरण के लिए आप यदि कार से हर दिन आना जाना कर रहे हैं और यदि आप उसके स्थान पर साइकल का उपयोग करें तो उससे कार में लगने वाले ईंधन की बचत होगी और आपने उस ऊर्जा का उपयोग न कर उसका संरक्षण किया। अंत में संस्था के प्राचार्य एसएल पाटकर ने विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर विविध आयोजन कर बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किए।

इस अवसर पर शिक्षक एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, योगेश्वरी चंद्राकर, बीएड के छत्राध्यापक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## नपाध्यक्ष ने वार्ड 7 में पिव्हर ब्लॉक निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और पार्षद मीना वर्मा ने वार्ड 7 में पिव्हर ब्लॉक निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने बताया कि 20 लाख रुपए की लागत से वार्ड 7 में पार्षद निवास से नयापारा अंबेडकर स्कूल के साथ ही वार्ड के मुख्य मार्ग में दोनों ओर पिव्हर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती महिलांग ने कहा कि वार्ड 7 के मुख्य मार्ग में पिव्हर ब्लॉक लग जाने के बाद मार्ग की सुंदरता बढ़ जाएगी और वार्डवासियों को बारिश के दिनों में कीचड़ और अन्य दिनों में धूल से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर संवेदनशील है। शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार सड़क, नाली निर्माण जैसे निर्माण कार्य भूमिपूजन के बाद से प्रगतिपर है। भूमिपूजन के दौरान सभापति बबलू हरपाल, पार्षद हाफिज कुरैशी, माधवी महेंद्र सिक्का, लता कैलाश चंद्राकर सहित वार्ड नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## कनेकेरा समिति के अध्यक्ष बने हिरेंद्र



**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कनेकेरा (शेर) के अध्यक्ष के लिए ग्राम पंचायत शेर के पूर्व सरपंच हिरेंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर किसान एवं ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## सर्वे के लिए तीन दिवसीय कैंप आयोजित

**महासमुंद।** नगर पंचायत पिथौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत संभावित पात्र हितग्राहियों का रैपिड असेसमेंट सर्वे आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार यह सर्वे 19 से 21 नवंबर 2024 तक विभिन्न वार्डों में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पिथौरा से प्राप्त जानकारी अनुसार यह शिविर 19 नवंबर को वार्ड 01 से 05 तक, शारदा चौक रंग मंच, 20 नवंबर को वार्ड 06 से 10 तक, मंदिर चौक रंगमंच और 21 नवंबर को वार्ड 11 से 15 तक नगर पंचायत पिथौरा कार्यालय परिसर में आयोजित किए जाएंगे। सर्वे प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए धरमुराम सिन्हा, मुकेश निषाद, सुरेंद्र नायक, धनेंद्र साहू और धनेश्वर निषाद की ड्यूटी निर्धारित की गई। सभी संबंधितों को निर्देश दिया गया है कि पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण कार्य को समय पर पूरा करें।

## झांसी की रानी को किया याद



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। जिसमें उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बबली चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर रहे। हेमलता चंद्राकर ने रानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी के बारे में बताया। लक्ष्मीबाई का पूरा जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है। उन्होंने अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। झांसी की रानी सभी महिलाओं के लिए एक आदर्श और प्रेरणा है। रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते-करते अपनी जान दे दी। उनकी वीरता आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी, सुनाया। रानी लक्ष्मीबाई के अद्भुत शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी। देश में हर साल 19 नवंबर को रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई जाती है।

## बैठक 29 को

**धमतरी।** जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) और समीक्षा समिति की बैठक 29 नवम्बर को होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शाम चार बजे और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के जनधन खाते, जीवन ज्योति बीमा, आधार सीडिंग, एनआरएलएम, एनयूएलएम की समीक्षा की जाएगी।

### बैठक : स्कूली बच्चों के छूटे हुए जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से बनाएं

# शासन के नियमानुसार धान खरीदी सुचारू रूप से जारी रहेः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नागरिकों के आवेदनों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें, कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के विभागीय कार्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी कार्य शासन के नियमानुसार प्राथमिकता में होना चाहिए। सभी नोडल अधिकारी प्रतिदिन रिपोर्ट लेकर प्रस्तुत करें। समिति स्तर पर समन्वय करते हुए धान खरीदी सुचारू रूप से जारी रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, और खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया जाए। धान खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान की संभावित अवैध भंडारण, बिक्री और परिवहन पर निरंतर सतर्क रहते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने पहली से कक्षा 12वीं तक के छूटे हुए सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निदेश दिए हैं। समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसीसी को स्कूलवार डाटा के अनुरूप और प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जाति प्रमाण को प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए हैं। आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चों के भी जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को अनावश्यक देरी न हो, इसके लिए समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर द्वारा अविवादित नामांतरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, आदि राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी, न्यायसंगत और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों की स्थिति का आकलन करने और विभिन्न स्तरों पर उनके समाधान के लिए कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कोई तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या हो तो उसका समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक में स्थानीय निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता से निपटाने के आदेश दिए गए। उन्होंने सभी सीएमओ को आवश्यक तिथि के अनुरूप कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान आबकारी विभाग द्वारा लांच किया गया मोबाइल ऐप मनपसंद की जानकारी देते हुए बताया कि इस एप का उद्देश्य शराब उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करना है। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपनी पसंद के ब्रांड की शराब किस दुकान में उपलब्ध है, यह जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही ऐप शराब की सही कीमत भी दिखाता है, जिससे ग्राहकों को अधिक कीमत चुकाने की समस्या नहीं होगी। इसमें ग्राहकों को शिकायत दर्ज करने की सुविधा भी दी गई है, जिससे वे शराब की दुकानों से जुड़ी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकते हैं।




### शिविर लगाकर बनाए लोगों का आयुष्मान कार्ड

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि पात्र छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड आवश्यक शिविर लगाकर बनाएं। ताकि, हर जरूरतमंद व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने पीएम जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आगामी रबी फसल की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करें तथा निगरानी करते रहें। ताकि, सभी वर्गों के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## बाल दिवस पर छात्रों को प्रतिभा प्रदर्शन का मिला अवसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को अध्यापन के साथ एक्ट्राक्यूरिकुल एक्टिविटी में सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है। इसमें खेल में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए कबड्डी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा अन्य शिक्षावर्धक एवं कौशल परक खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टिंकरकिड्स का भी आयोजन किया गया। जिसमें एटीएल के छात्रों ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स, मॉडल बनाने में भाग लिया तथा 11 टीम ने 11 अलग अलग विषयों पर प्रोजेक्ट्स का निर्माण सीखा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के पश्चात सभी छात्रों के लिए न्योता भोज भी कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुबोध तिवारी, सांस्कृतिक प्रभारी नीलिमा भोई, खेल प्रभारी कामता प्रसाद साहू, व्याख्याता भूपेंद्र पढ़ियार, तुलाराम दीवान,पन्ना लाल साहू, सहायक शिक्षक दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, लेखमणि पटेल, कुसुम साहू, कौशल चक्रधारी, पायल तिवारी, नरसिंह कमार, चितरेखा दीवान, हीराधर दीवान का विशेष सहयोग रहा।

## लोकपाल के समक्ष दर्ज करा सकते हैं जिले के मनरेगा और आवास योजना (ग्रामीण) से जुड़ी शिकायतें

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में संभावित शिकायतों के समाधान के लिए लोकपाल की व्यवस्था की गई है। लोकपाल की यह व्यवस्था योजनाओं के पारदर्शी और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। जिले में लोकपाल का कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 28 में स्थापित किया गया है। जिले के अंतर्गत आने वाले सभी हितग्राही या नागरिक, जिन्हें मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन से संबंधित कोई समस्या, अनियमितता या शिकायत है, वे लोकपाल के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

## सोसायटी अध्यक्ष देवेंद्र ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सराईपाली सोसायटी में नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र राय पदभार ग्रहण किया। सबसे पहले छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर फूल माला से स्वागत कर श्रीफल तोड़ा गया। जिसके बाद देवेंद्र राय का स्वागत प्रबंधक गोबिंद चंद यादव व उपस्थित किसानों ने किया। बाद देवेंद्र ने अपने उद्बोधन में किसानों के हित में काम करने की बात कही। साथ ही इस जिम्मेदारी के लिए क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। इस दौरान गोबिंद चंद यादव प्रबंधक, परसु यादव, वेदप्रकाश, भोला, लक्ष्मीकांत साहू, राजेंद्र कंवर, रितेश दिवान, द्रोण दीवान, कुलेश्वर दीवान, यसवंत साहू, बुधू राम गोवर्धन आवड़े, नंदू टंडन, कन्हैया साहू, टेकराम भारती, गजेंद्र कुर्रे, अर्जुन कोसरिया, छबि ध्रुव, लक्ष्मण, नेपाल, अंगध्वज, हेमसिंग, दयाराम, सतीश, भुखऊ, लुकेंद्र, देवानंद, गंगाराम आदि उपस्थित रहे।

## नगर कीर्तन शोभायात्रा का विधायक ने किया स्वागत...





**बागबाहरा।** गुरुनानक देव की जन्म जयंती पर गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा द्वारा आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा का पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा एवं सिख समाज का नगर कीर्तन दल का स्वागत विधायक द्वारिकाधीश यादव ने आतिशबाजी के साथ किया। साथ ही पंच प्यारों की टोली को माला पहनाई। वहीं गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में अपने श्रद्धा के पुष्प भी अर्पित किए। इस दौरान नगर कीर्तन के लिए निकले सिख समाज के प्रति सेवा और समर्पण भाव अर्पित करते हुए मिष्ठान खिलाकर सेवा भी की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, हीरा सेतराम बघेल, रामकुमार ठाकुर, मंता यादव, खिलेश्वरी बघेल, आशाराम बांधे, ताम्रध्वज बघेल, लोकेश उइके, शहज़ान पाशा, मिथुन अमीर मोहन बांधे, लोकेश दीवान, शैलेश साहू, बजरंगी यादव आदि उपस्थित रहे।

## टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन बने ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध और खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू, महासचिव प्रदीप साहू के मार्गदर्शन में प्रदेश कबड्डी संघ के क्रियाकलाप के सुचारू संचालन के लिए रेफरी बोर्ड, चयन समिति, टेक्निकल कमेंटी, अनुशासन समिति, महिला प्रकोष्ठ में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई।

इसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में पदस्थ व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल को टेक्निकल कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इससे पहले भी जायसवाल प्रदेश संगठन सचिव के पद में निर्वाचित हुए थे। उनके मार्गदर्शन में इस विद्यालय से छात्राएं लगातार कबड्डी और खो-खो राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय और जिला का नाम रोशन कर रहे है। एक सादे समारोह में विद्यालय के तरफ से प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने पुष्प गुच्छ एवं व्याख्याता संत राम साहू ने हार पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परसराम सिन्हा ने किया। कबड्डी संघ जिलाध्यक्ष महासमुंद पवन कुमार ध्रुव, व्यायाम शिक्षक हेमंत बारिक ने हर्ष जताया।

इस अवसर में व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेंद्र ध्रुव, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, जान्हवी पटेल, दुलारी, अजय यादव सहित विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्राएं और बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में विषय चयन का ऑनलाइन अपडेट करा सकते हैं स्वाध्यायी छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विश्वविद्यालय से स्वाध्यायी 429 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 94 विद्यार्थी अनुपस्थित

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 का अनुमोदन किया गया है। प्रभारी प्राचार्य करूणा दुबे ने सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर विषय चयन उपरांत यूनिट परीक्षा में सम्मिलित होकर विषयवार असाईमेंट प्राप्त कर जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

डॉ. ईपी चेलक एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने विषय का चयन नहीं किया है वे अनिवार्य रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर मार्गदर्शन उपरांत विषय का चयन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की सहमति उपरांत विषय चयन की सुविधा 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रखी गई थी। विषय चयन करने से विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरते समय विषय संबंधित किसी भी प्रकार की शंका नहीं रहेगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने केवल अपना पंजीयन विश्वविद्यालय से किया है उनको महाविद्यालय आकर विषय चयन करना अनिवार्य है। आज दिनांक तक विश्वविद्यालय से स्वाध्यायी 429 पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या है जिसमें से 335 छात्र-छात्राओं का जो महाविद्यालय में उपस्थित हुए उन सभी का विषय का चयन उपरांत ऑनलाइन अपडेट किया जा चुका है तथा 94 छात्र-छात्राएं जो महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हुए है, परन्तु महाविद्यालय में पंजीयन कराए है वे सभी महाविद्यालय में उपस्थित होकर ऑनलाइन अपडेट करा सकते हैं। ताकि 15 नवंबर से विश्वविद्यालयीन ऑनलाइन फॉर्म भरने एवं शुल्क जमा करने में आपको कोई परेशानी ना हो।



## भूतपूर्व सैनिक नंदलाल यादव का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** 18 नवंबर 1962 को भारतीय सेना के 13 कुमाऊं रेजिमेंट के चार्ली कंपनी के अहीर रणबांकुर जो राजस्थान एवं हरियाणा के यादव सैनिक ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 120 अहीर यादव सैनिकों के साथ लेह लद्दाख की रेजांगला पहाड़ी में माईनस 0 डिग्री तापमान पर 3000 चीनी सैनिक अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे का सामना करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए। लेकिन, मातृभूमि की सर झुकाने न दिए। इस युद्ध की गणना विश्व के सबसे भीषण युद्ध में किया जाता है। भारतीय सेना के 120 में से 114वीर जवान शहीद हुए। मरणोंपरांत परमवीर चक्र, शौर्य चक्र, सेना मेडल से सम्मानित किया गया। भारतीय सेना के इतिहास में आज भी हमारे अहीर पूर्वजों की अदम्य साहस की वीरगाथा स्वर्ण अक्षरों में लिखी गई है। उसी रेजिमेंट की शाखा 5 कुमाऊं रेजिमेंट में 17वर्ष मां भारत भारती की सेवा करने वाले नंदलाल यादव जो वर्तमान में प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के रूप में अपनी सेवा दे रहे है का सम्मान यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने किया।

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
14 नवंबर 2024
22 दिसंबर 2024
20 जनवरी 2025
23 फरवरी 2025
27 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
4 रात व 5 दिन Ex दिल्ली
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 24 सिदंबर से 28 दिसंबर 2024
04 जनवरी से 08 जनवरी 2025, 04 फरवरी से 08 फरवरी 2025
12 मार्च से 16 मार्च 2025, 08 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels – One Way Taxi Pvt Ltd –
CUSTOMER CARE NO.:7377511511